तिनसुकिया। प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए दादी हृदयमोहिनी, असम के ऊर्जा एवं उद्योग मंत्री प्रद्यूत बारडोलोई, ब्र.कु.बृजमोहन तथा ब्र.कु.सत्यवती।

सकारात्मक चिन्तन द्वारा होगा मन सशक्त

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु.उषा, कानपुर मंडल के श्रमायुक्त सीताराम मीना, नगर मजिस्ट्रेट भगवानदीन वर्मा, ब्र.कु.सरोज तथा अन्य कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए।

फतेहगढ़। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्र.कु.उषा ने आफिसर्स क्लब में आयोजित तीन दिवसीय रामचरित मानस व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग शब्द सुनते हैं तो ऐसा लगता है कि जैसे कोई आसन लगाने को कह रहा हो या कोई शारीरिक अभ्यास करना है। जब भगवान ने अर्जुन को गीता ज्ञान दिया था तो कोई आसन नहीं करवाये थे। राजयोग एक ऐसी कला है जो मन को नकारात्मक चिंतन से निकालकर सकारात्मक चिंतन करते हुए ईश्वर की ओर ले जाती है। सकारात्मक चिंतन करने से हमारे मन की शक्ति बढ़ती है और स्वयं में आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। इसलिए हम अपने मन को अपना मित्र बनाकर उसे आध्यात्मिक चिंतन की ओर मोड़ दे। इससे आप पायेंगे कि आपके जीवन से कई समस्यायें स्वत: ही समाप्त हो जाती है। उन्होंने यौगिक खेती के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि योग से कृषि करने के लिए ग्राम विकास प्रभात का गठन कर किसानों को रासायनिक व उर्वरक खादों की बजाए योग से खेती करने की प्रेरणा दी जा रही है। उन्हें यह भी बताया जा रहा है कि यौगिक खेती से फसल की अधिक पैदावार होती है व पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पंत युनिवर्सिटी और दांतेवाड़ा यूनिवर्सिटी में वैज्ञानिक लगातार प्रयोग कर रहे हैं। इसके फलस्वरूप फसलों में लगने वाले कीटाणु योग के माध्यम से जैसे मनुष्य के शरीर से रोग दूर हो जाता है वैसे ही कीड़े पौधे को छोड़ देते हैं। इस पद्धति को अपनाने के लिए किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र व गुजरात में सैकड़ों किसानों ने इस विधि को अपनाकर अपना जीवन सुखमय बनाया है।

कानपुर मंडल के श्रमायुक्त सीताराम मीना ने राजयोग के अभ्यास द्वारा हुई परमात्म अनुभूतियों को साझा किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट भगवानदीन वर्मा, पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू, ब्लॉक प्रमुख अखिलेश कटियार, महेन्द्र कटियार, रामनरेश गौतम, प्राचार्य डॉ.सचदेवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कासगंज की ब्र.कु.सरोज ने अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रेमकुमार धूमल को आध्यात्मिक प्रदर्शनी का अवलोकन कराते हुए ब्र.कु.किरन। साथ हैं डिप्टी कमिश्नर नाटा तथा ब्र.कु.सोमा।

गाजियाबाद। प्रसिद्ध समाजसेवी अन्ना हजारे को आध्यात्मिक संदेश देते हुए ब्र.कु.गीता। साथ हैं किरण बेदी, मनीष सिसोदिया तथा अन्य।

इंदौर। विश्व प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी वीरेन्द्र सहवाग को ईश्वरीय संदेश देने के साथ आत्मिक स्मृति का तिलक देते हुए ब्र.कु.अनिता।

नई दिल्ली। केन्द्रीय खेल मंत्री अजय माकन को ब्रह्माकुमारीज स्पोर्ट्स विंग द्वारा की जा रही आध्यात्मिक सेवाओं की जानकारी देते हुए ब्र.कु.जगबीर।

पणजी (गोवा)। खेलों के आयोजन के पश्चात विजेता टीम के खिलाड़ियों को चैम्पियन्स ट्राफी भेंट करते हुए ब्र.कु.शोभा।

मुम्बई (बोरिवली)। जन-जन को आध्यात्मिक जागृति लाने के लिए शिव संदेश देती रैली का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्र.कु.दिव्यप्रभा।